# JTET

## Previous Year Paper

### (Jharkhand) 2012
### Paper-II

**Test Booklet No.**
**परीक्षा पुस्तिका संख्या**

2857969

# JBC – 12R

This booklet contains 64 pages.
इस पुस्तिका में 64 पृष्ठ हैं ।

## PAPER II / प्रश्न-पत्र II

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

**Test Booklet Code**
**परीक्षा पुस्तिका संकेत**

# P

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

### *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of $1\frac{1}{2}$ **hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **P**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions, each carrying 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part I | : Child Development and Pedagogy | *(Q. 1 to Q. 30)* |
| Part II | : Mathematics and Science | *(Q. 31 to Q. 90)* |
| Part III | : Social Studies / Social Science | *(Q. 31 to Q. 90)* |
| Part IV | : Language I – (English/Hindi) | *(Q. 91 to Q. 120)* |
| Part V | : Language II – (English/Hindi) | *(Q. 121 to Q. 150)* |

6. Candidates have to do questions 31 to 90 **EITHER** from Part II (Mathematics and Science) **OR** from Part III (Social Studies/Social Science).
7. Part IV contains 30 questions for Language I and Part V contains 30 questions for Language II. In this test booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language I and/or Language II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Part V (Language II) in a language other than the one chosen as Language I (in Part IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

### *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि $1\frac{1}{2}$ **घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **P**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के पृष्ठ-2 पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | *(प्र. 1 से प्र. 30)* |
| भाग II | : गणित व विज्ञान | *(प्र. 31 से प्र. 90)* |
| भाग III | : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान | *(प्र. 31 से प्र. 90)* |
| भाग IV | : भाषा I — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | *(प्र. 91 से प्र. 120)* |
| भाग V | : भाषा II — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | *(प्र. 121 से प्र. 150)* |

6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग II (गणित व विज्ञान) **या** भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।
7. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिएँ ।**
8. **परीक्षार्थी भाग V (भाषा II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

SEAL

Name of the Candidate (in Capitals) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में ) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ____________________

: in words (शब्दों में) ____________________

Centre of Examination (in Capitals) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में ) :

Candidate's Signature : ____________________ Invigilator's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ____________________

## PART I / भाग I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

1. "Socialization" means
   (1) following the social norms strictly
   (2) adjusting in society
   (3) revolting against social norms
   (4) understanding social diversity

2. "Thought not only determines language, but also precedes it" was an idea put forward by
   (1) Jean Piaget
   (2) Kohlberg
   (3) Vygotsky
   (4) Pavlov

3. Which of the following statements is correct in relation to 'concept formation' by a child ?
   (1) Concepts are emotionally ordered
   (2) There is a set pattern of concept development
   (3) Concepts are not hierarchical in nature
   (4) Concepts are not individual

4. Which of the following statements is most appropriate in relation to adolescence ?
   (1) Increase in the incidence of emotional upheavals
   (2) Carefree nature towards studies
   (3) Thinking starts reflecting in concrete actions
   (4) Abrupt increase in the Intelligence Quotient

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

1. "समाजीकरण" का अर्थ है
   (1) सामाजिक मानदंडों का कठोर रूप से पालन करना
   (2) समाज में समायोजित होना
   (3) सामाजिक मानदंडों के विरुद्ध विद्रोह करना
   (4) सामाजिक विविधता को समझना

2. "विचार न केवल भाषा को निर्धारित करते हैं बल्कि उसे आगे भी बढ़ते हैं ।" यह विचार ________ द्वारा रखा गया ।
   (1) जीन पियाज़े
   (2) कोहलबर्ग
   (3) वाइगोत्स्की
   (4) पैवलॉव

3. बच्चे द्वारा 'संकल्पना-निर्माण' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
   (1) संकल्पनाएँ संवेगात्मक रूप से सुव्यवस्थित होती हैं
   (2) संकल्पना-विकास की एक निश्चित संरचनात्मक व्यवस्था (Pattern) होती है
   (3) संकल्पनाओं की प्रकृति पदानुक्रमिक नहीं होती
   (4) संकल्पनाएँ वैयक्तिक नहीं होतीं

4. किशोरों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक उचित है ?
   (1) संवेगात्मक प्रोत्थान की घटना बढ़ जाती है
   (2) पढ़ाई के प्रति लापरवाह रवैया
   (3) चिंतन का मूर्त क्रियाओं में प्रदर्शित होना
   (4) बुद्धि लब्धांक में अकस्मात वृद्धि

5. Main characteristic of the 'emotionally motivated children' is their

(1) over reactive nature

(2) introvert nature

(3) balanced way of presenting their viewpoint

(4) melancholic demeanour

6. An important characteristic of 'formal operational stage of mental development' is

(1) Abstract thinking

(2) Concrete thinking

(3) Social thinking

(4) Egocentric behaviour

7. Principle of reinforcement is associated with

(1) Pavlov

(2) Thorndike

(3) Kohlberg

(4) Skinner

8. The most important factor in the effective teaching process is

(1) punctuality exhibited by teacher and students

(2) mastery of the content by the teacher

(3) teacher – student dialogue

(4) timely completion of the syllabi

5. 'संवेगात्मक रूप से अभिप्रेरित बच्चों' की मुख्य विशेषता है

(1) उनका अति प्रतिक्रियात्मक स्वभाव

(2) उनका अंतर्मुखी स्वभाव

(3) अपने विचार प्रकट करने का उनका संतुलित तरीका

(4) उनका विषादग्रस्त व्यवहार

6. 'मानसिक विकास की औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था' की मुख्य विशेषता है

(1) अमूर्त चिंतन

(2) मूर्त चिंतन

(3) सामाजिक चिंतन

(4) अहम्-केंद्रित व्यवहार

7. पुनर्बलन का सिद्धांत ________ से सम्बन्धित है ।

(1) पैवलॉव

(2) थॉर्नडाइक

(3) कोहलबर्ग

(4) स्किनर

8. प्रभावी शिक्षण-प्रक्रिया में सबसे महत्त्वपूर्ण कारक है

(1) शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित समय की पाबंदी

(2) शिक्षक द्वारा विषय पर अधिकार

(3) शिक्षक – विद्यार्थी संवाद

(4) पाठ्यक्रमों का समय पर पूर्ण होना

9. The best way to inculcate moral values in children is
   (1) to give moral lectures in the morning assembly
   (2) put across a situation and ask students to take a decision
   (3) demonstration of moral values by teachers and elders
   (4) teaching students to differentiate between moral and immoral

10. Which of the following factors is a basis for the 'child-centered education' ?
   (1) Individual differences
   (2) Child rights
   (3) The Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009
   (4) All children are equal in all respects

11. Which of the following is least important in the process of thinking ?
   (1) Reasoning
   (2) Problem
   (3) Generalizations
   (4) Memory

12. The major responsibility of a teacher is to
   (1) prepare lesson plans and teach accordingly
   (2) organize as many activities as possible
   (3) maintain strict discipline
   (4) provide learning opportunities as per the different learning styles of students

13. Which of the following is most important in the process of learning ?
   (1) Heredity of child
   (2) Style of learning
   (3) Examination-result of the children
   (4) Economic condition of the child

9. बच्चों में नैतिक मूल्यों को विकसित करने का सर्वाधिक उचित तरीका है
   (1) प्रातःकालीन सभा में बच्चों को नैतिक उपदेश देना
   (2) विद्यार्थियों के सामने एक परिस्थिति रखना और उस पर निर्णय लेने के लिए कहना
   (3) शिक्षकों एवं बड़ों द्वारा नैतिक मूल्यों को प्रदर्शित करना
   (4) विद्यार्थियों को नैतिकता और अनैतिकता के बीच अंतर करना सिखाना

10. 'बाल-केंद्रित शिक्षा' के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कारक आधार है ?
   (1) वैयक्तिक अंतर
   (2) बाल अधिकार
   (3) बच्चों की निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009
   (4) सभी बच्चे सभी संदर्भों में समान होते हैं

11. निम्नलिखित में से कौन-सा चिंतन की प्रक्रिया में सबसे कम महत्त्वपूर्ण है ?
   (1) तर्कणा
   (2) समस्या
   (3) सामान्यीकरण
   (4) स्मृति

12. शिक्षक की सबसे मुख्य ज़िम्मेदारी है
   (1) पाठ-योजना तैयार करना और उसके अनुसार पढ़ाना
   (2) यथासंभव क्रियाकलापों का आयोजन करना
   (3) कठोर अनुशासन बनाए रखना
   (4) विद्यार्थियों की विभिन्न अधिगम शैलियों के अनुसार सीखने के मौके उपलब्ध कराना

13. सीखने की प्रक्रिया में निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे ज़्यादा महत्त्वपूर्ण है ?
   (1) बच्चे की आनुवंशिकता
   (2) सीखने की शैली
   (3) बच्चों का परीक्षा-परिणाम
   (4) बच्चे की आर्थिक स्थिति

14. The most appropriate way of explaining the topic "Purification of water" is by

(1) demonstrating the process with the help of a chart

(2) asking the students to make a model of the purification plant

(3) taking students to the plant where the water is purified

(4) reading from the text-book

15. The most appropriate logical predicate for the Continuous and Comprehensive Evaluation should be

(1) assessing more than one aspect of learning

(2) maximizing the assessment opportunities

(3) promoting the holistic nature of human personality

(4) increasing the burden on teachers

16. A teacher uses a dice labelled Describe, Predict, Explain, Summarize, Deconstruct and Evaluate. Each time after a topic is completed, the teacher throws the dice and asks students to answer a question based on the location of the dice. The teacher is

(1) conducting formative assessment

(2) provoking thoughts of students

(3) diversifying the thought process of the students

(4) finishing her/his lesson in a style

17. Which characteristic of a teacher is least important in inclusive education ?

(1) Sensitivity towards children

(2) Patience and affection for students

(3) Knowledge regarding disabilities of students

(4) Socio-economic status of teacher

14. "जल-शुद्धि" प्रकरण को स्पष्ट करने का सबसे उचित तरीका है

(1) चार्ट की सहायता से प्रक्रिया को प्रदर्शित करना

(2) विद्यार्थियों को शुद्धिकरण प्लांट का मॉडल बनाने के लिए कहना

(3) विद्यार्थियों को उस प्लांट पर ले जाना जहाँ जल-शुद्धि की जाती है

(4) पाठ्य-पुस्तक से पढ़ना

15. सतत और व्यापक मूल्यांकन के लिए तार्किक आधार है

(1) सीखने के एक से अधिक पक्षों का आकलन

(2) आकलन के अवसरों का अधिकतमीकरण

(3) मानव व्यक्तित्व की समग्र प्रकृति

(4) शिक्षकों पर बोझ बढ़ाना

16. एक शिक्षक एक पासा इस्तेमाल करते हैं जिस पर वर्णन, भविष्यवाणी, स्पष्ट, संक्षेपण, अनिर्मित और मूल्यांकन अंकित हैं । प्रकरण की समाप्ति पर वे पासा फेंकते हैं और पासे की स्थिति पर आधारित प्रश्न का उत्तर देने के लिए विद्यार्थियों से कहते हैं । शिक्षक

(1) रूपात्मक आकलन कर रहे हैं

(2) विद्यार्थियों के चिंतन को प्रोत्साहित कर रहे हैं

(3) विद्यार्थियों की चिंतन प्रक्रिया का विविधीकरण कर रहे हैं

(4) अपनी खास शैली में पाठ को समाप्त कर रहे हैं

17. समावेशी शिक्षा में शिक्षक की सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता कौन-सी है ?

(1) बच्चों के प्रति संवेदनशीलता

(2) विद्यार्थियों के लिए लगाव और धैर्य

(3) विद्यार्थियों की अक्षमताओं का ज्ञान

(4) शिक्षक का सामाजिक-आर्थिक स्तर

**18.** __________ plays a significant role in the development of personality.

(1) Heredity
(2) Environment
(3) A blend of heredity and environment
(4) Number of examinations

**18.** व्यक्तित्व-विकास में __________ एक महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है ।

(1) आनुवंशिकता
(2) वातावरण
(3) आनुवंशिकता और वातावरण का मिश्रण
(4) परीक्षाओं की संख्या

**19.** Mohit likes to teach children and is preparing hard for the entrance examination for B.Ed. He is __________ motivated.

(1) intrinsically
(2) extrinsically
(3) actively
(4) intellectually

**19.** मोहित को बच्चों को पढ़ाना अच्छा लगता है इसलिए वह बी.एड. की प्रवेश परीक्षा के लिए ख़ूब मेहनत करता है । वह __________ अभिप्रेरित है ।

(1) आंतरिक रूप से
(2) बाह्य रूप से
(3) सक्रिय रूप से
(4) बौद्धिक रूप से

**20.** "Logical mathematical intelligence" is associated with

(1) two-factor theory
(2) group factor theory
(3) hierarchical theory
(4) multiple intelligence theory

**20.** "तार्किक गणितीय बुद्धि" ________ से सम्बन्धित है ।

(1) द्वि-कारक सिद्धांत
(2) समूह कारक सिद्धांत
(3) पदानुक्रमिक सिद्धांत
(4) बहु बुद्धि सिद्धांत

**21.** 'Activity based teaching' emphasizes

(1) disciplined class
(2) completion of activity in due time
(3) active participation by all the students
(4) taking examination after completion of activity

**21.** 'गतिविधि आधारित शिक्षण' __________ पर बल देता है ।

(1) अनुशासित कक्षा
(2) सुनिश्चित समय-अवधि में गतिविधि पूरा करने
(3) सभी विद्यार्थियों द्वारा सक्रिय भागीदारिता
(4) गतिविधि के समाप्त होने के बाद परीक्षा लेने

**22.** A teacher took her class on an educational trip to

(1) provide a break from the routine teaching in school
(2) provide opportunity to children for direct observation
(3) do the activity specified in the school calendar
(4) provide entertainment to children

**22.** एक शिक्षिका अपनी कक्षा को शैक्षिक भ्रमण पर ले जाती है

(1) विद्यालय में रोज़ाना शिक्षण से अवकाश उपलब्ध कराने के लिए
(2) प्रत्यक्ष अवलोकन के लिए बच्चों को अवसर उपलब्ध कराने के लिए
(3) विद्यालय कैलेंडर में सुनिश्चित क्रियाकलाप करने के लिए
(4) बच्चों को मनोरंजन उपलब्ध कराने के लिए

23. There are three polio-affected children in a class. During the games-period they should be

(1) seated in a corner so that these children can enjoy the game

(2) encouraged to take part in the games appropriate for them, with other children

(3) allowed to take part only in indoor games

(4) forced to play with all the students of the class

24. According to Kohlberg, 'Children approach thinking about right and wrong'

(1) differently at different ages

(2) in the same fashion at different stages

(3) as per the context

(4) as per the instructions given by the parents

25. 'Emotional catharsis' means

(1) Suppression of emotions

(2) Feeling highly depressed

(3) Bringing out emotional repression

(4) Increasing the ability to tolerate emotional repression

26. Presence of identical elements between already learnt skills and new skills results in

(1) Negative transfer

(2) Positive transfer

(3) Generalized transfer

(4) Zero transfer

23. कक्षा में तीन बच्चे पोलियो-ग्रस्त हैं । खेल के कालांश में उन्हें

(1) एक कोने में बैठना चाहिए ताकि वे खेल का आनंद ले सकें

(2) अन्य बच्चों के साथ उचित खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए

(3) केवल आंतरिक (indoor) खेलों में हिस्सा लेने की अनुमति देनी चाहिए

(4) कक्षा के सभी विद्यार्थियों के साथ खेलने के लिए ज़ोर डालना चाहिए

24. कोहलबर्ग के अनुसार 'सही और गलत के बारे में बच्चे ________ चिंतन' करते हैं ।

(1) अलग आयु में अलग तरीके से

(2) अलग चरणों में समान रूप से

(3) संदर्भ के अनुसार

(4) अभिभावकों द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार

25. 'संवेगात्मक विरेचन' का अर्थ है

(1) संवेगों को दबाना

(2) बहुत अधिक अवसादग्रस्त महसूस करना

(3) संवेगात्मक दमन से बाहर निकालना

(4) संवेगात्मक दमन को सहन करने की योग्यता को बढ़ाना

26. पहले ही सीखे जा चुके कौशलों और नए कौशलों में एकसमान तत्त्वों की उपस्थिति का परिणाम है

(1) नकारात्मक अंतरण

(2) सकारात्मक अंतरण

(3) सामान्यीकृत अंतरण

(4) शून्य अंतरण

27. A teacher normally assigns different tasks to the students. He/she believes that

(1) students do not like assigning same work to all the students

(2) it promotes competition among students

(3) there are individual differences among students

(4) the students will not be able to copy each other's work

28. _________ are involved in thinking.

(1) Image, language, imagination, proposition

(2) Image, imagination, concept, proposition

(3) Imagination, language, concept, proposition

(4) Image, language, concept, proposition

29. Continuous and Comprehensive Evaluation is

(1) Teacher-centered

(2) Student-centered

(3) Assessment-centered

(4) Performance-centered

30. Which one of the following is least important in an inclusive classroom ?

(1) Lesser stress on competition and grades

(2) More co-operative and collaborative activity

(3) More choice for students

(4) More effort by teachers to "cover" course

27. एक शिक्षक सामान्यतः विद्यार्थियों को अलग-अलग कार्य देता/देती है । वह यह विश्वास करता/करती है कि

(1) विद्यार्थी एक जैसे कार्य सभी विद्यार्थियों को दिए जाने को पसंद नहीं करते

(2) यह विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है

(3) विद्यार्थियों में वैयक्तिक अंतर होते हैं

(4) विद्यार्थी एक-दूसरे के कार्य की नकल नहीं कर सकेंगे

28. चिंतन में _________ शामिल हैं ।

(1) प्रतिमा, भाषा, कल्पना, प्रतिज्ञप्ति

(2) प्रतिमा, कल्पना, संकल्पना, प्रतिज्ञप्ति

(3) कल्पना, भाषा, संकल्पना, प्रतिज्ञप्ति

(4) प्रतिमा, भाषा, संकल्पना, प्रतिज्ञप्ति

29. सतत और व्यापक मूल्यांकन _________ होता है ।

(1) शिक्षक-केंद्रित

(2) विद्यार्थी-केंद्रित

(3) परीक्षा-आधारित

(4) निष्पादन-आधारित

30. समावेशी कक्षा में निम्नलिखित में से सबसे कम महत्त्वपूर्ण क्या है ?

(1) प्रतियोगिता और ग्रेडों पर कम बल

(2) अधिक सहकारी एवं सहयोगात्मक गतिविधि

(3) विद्यार्थियों के लिए अधिक विकल्प

(4) कोर्स को "पूरा करने के लिए" शिक्षकों द्वारा अधिक प्रयास

| | |
|---|---|
| ***Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part II (Mathematics and Science) OR from Part III (Social Studies/Social Science).*** | ***परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।*** |

## PART II / भाग II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

**31.** The value of $[2 - 3(2 - 3)^{-1}]^{-1}$ is

(1) 5

(2) $-5$

(3) $\frac{1}{5}$

(4) $-\frac{1}{5}$

**32.** Which one of the following statements is ***not*** true ?

(1) $\sqrt{64} = 8$

(2) $\sqrt{0{\cdot}4} = 0{\cdot}2$

(3) 0 is a rational number

(4) 243 is not a perfect cube

**33.** The value of the expression $\frac{2^{310} - 2^{301}}{2^{300}}$ is

(1) $2^9 - 1$

(2) $2^{10} - 1$

(3) $2(2^9 - 1)$

(4) $\frac{2^{10} - 1}{2}$

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**31.** $[2 - 3(2 - 3)^{-1}]^{-1}$ का मान है

(1) 5

(2) $-5$

(3) $\frac{1}{5}$

(4) $-\frac{1}{5}$

**32.** निम्न कथनों में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(1) $\sqrt{64} = 8$

(2) $\sqrt{0{\cdot}4} = 0{\cdot}2$

(3) 0 एक परिमेय संख्या है

(4) 243 एक पूर्ण घन नहीं है

**33.** व्यंजक $\frac{2^{310} - 2^{301}}{2^{300}}$ का मान है

(1) $2^9 - 1$

(2) $2^{10} - 1$

(3) $2(2^9 - 1)$

(4) $\frac{2^{10} - 1}{2}$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

34. One of the factors of $x^2 - z^2 + y^2 - 2xy$ is

(1) $x - y + z$

(2) $x + y - z$

(3) $x + y + z$

(4) $y + z - x$

35. The value of $2(a^2 + ab + 3) - ab$ when $a = 5$ and $b = -3$, is

(1) 23

(2) 35

(3) 41

(4) 53

36. Aman is now fifteen years younger than Abdul. After six years, Abdul will be twice as old as Aman will be then. If the present age of Abdul is x years, then we have

(1) $2(x - 9) = x + 6$

(2) $x - 9 = 2(x + 6)$

(3) $2(x - 15) = x + 6$

(4) $x - 15 = 2(x + 6)$

34. $x^2 - z^2 + y^2 - 2xy$ का एक गुणनखंड है

(1) $x - y + z$

(2) $x + y - z$

(3) $x + y + z$

(4) $y + z - x$

35. जब $a = 5$ और $b = -3$ हो, तो $2(a^2 + ab + 3) - ab$ का मान है

(1) 23

(2) 35

(3) 41

(4) 53

36. अमन इस समय अब्दुल से पन्द्रह वर्ष छोटा है । छः वर्ष पश्चात्, अब्दुल की आयु उस समय पर अमन की आयु की दुगुनी हो जाएगी । यदि अब्दुल की वर्तमान आयु x वर्ष है, तब हमें प्राप्त है

(1) $2(x - 9) = x + 6$

(2) $x - 9 = 2(x + 6)$

(3) $2(x - 15) = x + 6$

(4) $x - 15 = 2(x + 6)$

37. The compound interest on ₹ 36,000 lent at 10% per annum for $2\frac{1}{2}$ years, if the interest is compounded annually, is

(1) ₹ 7,560

(2) ₹ 9,000

(3) ₹ 9,738

(4) ₹ 11,916

38. The number 0·000000000123 is expressed in standard form as

(1) $123 \times 10^{-12}$

(2) $12 \cdot 3 \times 10^{-11}$

(3) $1 \cdot 23 \times 10^{-10}$

(4) $0 \cdot 123 \times 10^{-9}$

39. Sum of mode and median of the data

12, 15, 11, 13, 18, 11, 13, 12, 13

is

(1) 25

(2) 26

(3) 31

(4) 36

40. A car covers a distance of 178·2 km in 4·4 hours. The distance (in km) covered by the car in 1·2 hours is

(1) 40·5

(2) 40·7

(3) 48·6

(4) 50·2

37. ₹ 36,000 पर 10% वार्षिक दर से $2\frac{1}{2}$ वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज, यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होती हो, है

(1) ₹ 7,560

(2) ₹ 9,000

(3) ₹ 9,738

(4) ₹ 11,916

38. संख्या 0·000000000123 को मानक रूप में निम्न प्रकार से व्यक्त किया जाता है :

(1) $123 \times 10^{-12}$

(2) $12 \cdot 3 \times 10^{-11}$

(3) $1 \cdot 23 \times 10^{-10}$

(4) $0 \cdot 123 \times 10^{-9}$

39. आँकड़ों

12, 15, 11, 13, 18, 11, 13, 12, 13

के बहुलक तथा माध्यक का योगफल है

(1) 25

(2) 26

(3) 31

(4) 36

40. एक कार 178·2 किमी की दूरी 4·4 घंटों में तय करती है । उस कार द्वारा 1·2 घंटों में तय की गई दूरी (किमी में) है

(1) 40·5

(2) 40·7

(3) 48·6

(4) 50·2

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**41.** In the figure, $\angle 2 = \angle 3 = \angle 4$ and $\angle 5 = 150°$. Then $\angle 1 =$




(1) 100°

(2) 120°

(3) 130°

(4) 140°

**42.** Prime factorisation of two numbers a and b are

$a = 2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 5$

$b = 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 5 \times 5$

LCM of a and b is

(1) $2^3 \times 3^2 \times 5^2$

(2) $2^4 \times 3^2 \times 5^2$

(3) $2^4 \times 3^2 \times 5^3$

(4) $2^2 \times 3^2 \times 5^3$

**43.** In $\Delta$ ABC and $\Delta$ DEF, AB = EF, BC = DE and $\angle B = \angle E = 90°$. Then $\Delta ABC \cong \Delta FED$ by the criterion

(1) SSS

(2) SAS

(3) RHS

(4) ASA

**41.** आकृति में, $\angle 2 = \angle 3 = \angle 4$ और $\angle 5 = 150°$ है । तब $\angle 1 =$




(1) 100°

(2) 120°

(3) 130°

(4) 140°

**42.** दो संख्याओं a और b के अभाज्य गुणनखंड हैं

$a = 2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 5$

$b = 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 5 \times 5$

a और b का ल.स. (LCM) है

(1) $2^3 \times 3^2 \times 5^2$

(2) $2^4 \times 3^2 \times 5^2$

(3) $2^4 \times 3^2 \times 5^3$

(4) $2^2 \times 3^2 \times 5^3$

**43.** $\Delta$ ABC और $\Delta$ DEF में, AB = EF, BC = DE तथा $\angle B = \angle E = 90°$ है । तब $\Delta ABC \cong \Delta FED$ निम्न सर्वांगसमता कसौटी से है

(1) SSS

(2) SAS

(3) RHS

(4) ASA

44. In $\Delta$ PQR, side QR is produced to a point S, and exterior angle PRS = 100°. If RP = RQ, then measure of $\angle$ PQR is

(1) 50°

(2) 70°

(3) 75°

(4) 80°

44. $\Delta$ PQR में, भुजा QR को बिन्दु S तक बढ़ाया गया है, और बाह्य कोण PRS = 100° है । यदि RP = RQ हो, तो $\angle$ PQR की माप है

(1) 50°

(2) 70°

(3) 75°

(4) 80°

45. The value of $6 + \frac{1}{10} + \frac{6}{1000} + \frac{61}{10000}$ is

(1) 6·167

(2) 6·1021

(3) 6·221

(4) 6·1121

45. $6 + \frac{1}{10} + \frac{6}{1000} + \frac{61}{10000}$ का मान है

(1) 6·167

(2) 6·1021

(3) 6·221

(4) 6·1121

46. A polygon has a perimeter of 16 cm and an area of 16 $cm^2$. The shape of the polygon is a

(1) triangle

(2) square

(3) hexagon

(4) rectangle which is not a square

46. किसी बहुभुज की परिमाप 16 सेमी तथा क्षेत्रफल 16 सेमी$^2$ है । वह बहुभुज है

(1) त्रिभुज

(2) वर्ग

(3) षड्भुज

(4) एक आयत जो वर्ग नहीं है

47. A square field whose area is 36 $m^2$ and a rectangular lawn whose width is $\frac{2}{3}$ of the side of square field have the same perimeter. The area (in $m^2$) of the lawn is

(1) 24

(2) 32

(3) 48

(4) 64

47. एक वर्गाकार खेत, जिसका क्षेत्रफल 36 मी.$^2$ है तथा एक आयताकार लॉन, जिसकी चौड़ाई वर्गाकार खेत की भुजा की $\frac{2}{3}$ है, के समान परिमाप हैं । लॉन का क्षेत्रफल (मी.$^2$ में) है

(1) 24

(2) 32

(3) 48

(4) 64

**48.** **Circumference of the base of a right circular cylinder is 44 cm and its height is 15 cm. The volume (in $cm^3$) of the cylinder is**
**(Take $\pi = \frac{22}{7}$)**

(1) 770

(2) 1155

(3) 1540

(4) 2310

**48.** किसी लंब-वृत्तीय बेलन के आधार की परिधि 44 सेमी है और इसकी ऊँचाई 15 सेमी है । बेलन का आयतन (सेमी$^3$ में) है ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

(1) 770

(2) 1155

(3) 1540

(4) 2310

**49.** Radii of two circles are 8 cm and 6 cm. The radius (in cm) of the circle having the area equal to the sum of the areas of these two given circles is

(1) 9

(2) 10

(3) 12

(4) 14

**49.** दो वृत्तों की त्रिज्याएँ 8 सेमी तथा 6 सेमी हैं । उस वृत्त की त्रिज्या (सेमी में) जिसका क्षेत्रफल इन दो दिए गए वृत्तों के क्षेत्रफलों के योगफल के बराबर है, निम्न है

(1) 9

(2) 10

(3) 12

(4) 14

**50.** A box with inside measurements 60 cm × 30 cm × 24 cm is full of wooden cubes of the same size. If the number of cubes is 25, then the side (in cm) of each cube is

(1) 6

(2) 9

(3) 12

(4) 18

**50.** आंतरिक माप 60 सेमी × 30 सेमी × 24 सेमी वाला एक बक्सा लकड़ी के एक ही साइज के घनों से भरा हुआ है । यदि घनों की कुल संख्या 25 हो, तो प्रत्येक घन की भुजा (सेमी में) है

(1) 6

(2) 9

(3) 12

(4) 18

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

51. Which of the following questions are open ended questions and can be used to enhance mathematical thinking ?

(1) Find the solution of $2x + 4 = 8$

(2) Write a real world problem for which $2x + 4 = 8$ is a solution

(3) Verify that $x = 2$ is the solution of the equation $2x + 4 = 8$

(4) Plot the graph of $2x + 4 = 8$ on cartesian plane

51. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न मुक्त-अंत वाला प्रश्न है तथा उसे गणितीय चिंतन बढ़ाने के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है ?

(1) $2x + 4 = 8$ का हल ज्ञात कीजिए

(2) एक वास्तविक जीवन की समस्या लिखिए जिसके लिए $2x + 4 = 8$ एक हल हो

(3) सिद्ध कीजिए कि $x = 2$ समीकरण $2x + 4 = 8$ का हल है

(4) कार्तीय समतल पर $2x + 4 = 8$ का आलेख खींचिए

52. In a Computer Aided Learning (CAL) class, a teacher ran a programme on screen about 'Triangle' and sat behind in class as an observer. This type of computer aided learning based on programmed learning may be disadvantageous as

(1) students may feel lost due to absence of teacher – pupil interaction

(2) students get every information in sequential manner

(3) students get a chance to understand at their own pace

(4) students are responsible for their own learning

52. एक शिक्षिका कम्प्यूटर सहायक अधिगम (CAL) कक्षा में स्क्रीन पर 'त्रिभुज' के बारे में एक कार्यक्रम चलाती है और कक्षा में पीछे की ओर एक पर्यवेक्षक के रूप में बैठ जाती है । क्रमादेशित अधिगम पर आधारित इस प्रकार के कम्प्यूटर सहायक अधिगम की सीमा हो सकती है

(1) शिक्षक – शिक्षार्थी अंतःक्रिया की अनुपस्थिति के कारण विद्यार्थी असमंजस में आ सकते हैं

(2) विद्यार्थी प्रत्येक सूचना अनुक्रमिक ढंग से प्राप्त करते हैं

(3) विद्यार्थियों को अपनी गति के अनुसार समझने का अवसर मिलता है

(4) विद्यार्थी अपने अधिगम के लिए स्वयं ज़िम्मेदार हैं

53. Relation understanding is preferable over instrumental understanding as it helps the

(1) child to make connections between different mathematical ideas and makes it easy for him to solve the problem
(2) child to understand algorithm of the problem and makes it easy for him to solve the problem
(3) child to apply mechanically the procedure without going into reason and he can solve the problem easily
(4) child to identify appropriate formula to be used and he can solve the problem easily

53. संबंध की समझ यांत्रिक समझ की तुलना में बेहतर होती है क्योंकि यह निम्नलिखित में सहायता करती है ।

(1) बच्चे द्वारा विभिन्न गणितीय विचारों के बीच सम्बन्ध बनाने में सहायता करती है और उसके लिए समस्या-संमाधान को सरल बनाती है
(2) बच्चे द्वारा समस्या के ऐल्गोरिथ्म को समझने में सहायता करती है और उसके लिए समस्या-समाधान को सरल बनाती है
(3) बच्चा कारण को समझे बिना यांत्रिक रूप से प्रक्रमण को लागू कर सकता है और आसानी से समस्या का समाधान कर सकता है
(4) बच्चा प्रयोग किए जाने वाले उचित सूत्रों की पहचान कर सकता है और सरलता से समस्या का समाधान कर सकता है

54. 'Concept Map' ***cannot*** be used for

(1) planning a lesson
(2) revision of a lesson
(3) summative assessment of a lesson
(4) formative assessment of a lesson

54. 'संकल्पना मानचित्र' का __________ के लिए प्रयोग ***नहीं*** किया जा सकता ।

(1) पाठ की योजना
(2) पाठ की पुनरावृत्ति
(3) पाठ के योगात्मक आकलन
(4) पाठ के रूपात्मक आकलन

55. A teacher asked the students to write the following statements :

(i) Twice of x plus four
(ii) Three time x minus 7

Students responded as $2x + 4$ and $3x - 7$, while the teacher was expecting $2(x + 4)$ and $3(x - 7)$. The above mistakes have occurred due to

(1) lack of understanding of linear expressions
(2) lack of appropriate practice of writing linear expressions
(3) careless listening by students
(4) language used by teacher

55. एक शिक्षिका विद्यार्थियों को निम्नलिखित कथन लिखने के लिए कहती है :

(i) x के दुगुने में चार जमा
(ii) तीन बार x घटा 7

विद्यार्थी $2x + 4$ और $3x - 7$ के रूप में प्रतिक्रिया देते हैं जबकि शिक्षिका $2(x + 4)$ और $3(x - 7)$ की अपेक्षा कर रही थीं । उपर्युक्त त्रुटि __________ के कारण हुई ।

(1) रेखीय व्यंजकों की समझ के अभाव
(2) रेखीय व्यंजकों को लिखने के उचित अभ्यास के अभाव
(3) विद्यार्थियों द्वारा सुनने में लापरवाही
(4) शिक्षक द्वारा प्रयुक्त भाषा

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

56. A child of Class VI is able to find solutions of given linear equations but is not able to solve word problems. The child is at Piaget's

(1) Sensori-Motor Stage

(2) Pre-Operational Stage

(3) Concrete-Operational Stage

(4) Formal-Operational Stage

56. कक्षा VI का एक बच्चा दिए गए रेखीय समीकरण का हल ज्ञात करने की योग्यता रखता है लेकिन शाब्दिक समस्याओं को हल नहीं कर पाता । बच्चा पियाज़े की __________ पर है ।

(1) संवेदी-गामक अवस्था

(2) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

(3) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था

(4) औपचारिक-संक्रियात्मक अवस्था

57. To help the students writing proofs of Geometrical theorems Mr. Masih divided the class into small groups and asked each group to evolve the proof of the theorem by mutual discussion. His objective of using this strategy is

(1) to engage the students in discussion and independent learning

(2) to compel the students to open the text-books, read the proofs and understand on their own

(3) to engage the students in collaborative learning

(4) to allow the students to be active participants in discussion, test various possibilities and reach a conclusion after reasoning

57. श्री मनीष ज्यामितीय प्रमेयों के प्रमाण लिखने में विद्यार्थियों की सहायता करने के लिए कक्षा को छोटे-छोटे समूहों में बाँटते हैं और प्रत्येक समूह को आपसी चर्चा द्वारा प्रमेयों के प्रमाण विकसित करने के लिए कहते हैं । इस रणनीति को प्रयोग करने का उनका उद्देश्य है

(1) चर्चा और स्वयं सीखने में विद्यार्थियों को शामिल करना

(2) विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक खोलने, प्रमाणों को पढ़ने और स्वयं समझने के लिए विवश करना

(3) सहयोगात्मक अधिगम में विद्यार्थियों को शामिल करना

(4) चर्चा में विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारिता निभाने, विभिन्न संभावनाओं की जाँच करने और तर्क के बाद निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए कहना

**58.** Manipulatives in Mathematics class are used to

(1) demonstrate mathematical ideas and construct mathematical understanding

(2) engage students so that they do not interact with each other and maintain discipline in class

(3) give first hand experience to students in order to make them good problem solvers

(4) make students more skillful by having concrete experiences

**59.** Link Sheet is a useful tool. It looks as below :

| Concept : | |
|---|---|
| Mathematics (Symbol) | Everyday Example |
| Diagram/Picture/Graph | My Explanation |

This tool can be used

(1) to introduce the topic on Similarity, for checking the previous knowledge of Congruency

(2) to explore the concepts of Similarity

(3) to build the basis for theorems in Similar Triangles

(4) to assess the understanding of Basic Proportionality Theorem

**60.** Major aspect of Inquiry based lesson plan is

(1) Exposition

(2) Exploratory tasks

(3) Extended learning tasks

(4) Cross curricular integration

**58.** गणित की कक्षा में हस्तचालक इस्तेमाल किए जाते हैं

(1) गणितीय विचारों को प्रदर्शित करने और गणितीय समझ का निर्माण करने के लिए

(2) विद्यार्थियों को व्यस्त रखने के लिए ताकि वे एक-दूसरे से अंतःक्रिया न करें और कक्षा में अनुशासन रहे

(3) विद्यार्थियों को एक अच्छा समस्या समाधानकर्ता बनाने के लिए उन्हें प्रत्यक्ष रूप के अनुभव देने के लिए

(4) मूर्त अनुभवों द्वारा विद्यार्थियों को ज़्यादा कुशल बनाने के लिए

**59.** लिंक शीट (Link Sheet) एक उपयोगी उपकरण है । वह निम्न की तरह दिखता है :

| संकल्पना : | |
|---|---|
| गणित (संकेत) | रोज़मर्रा के अनुभव |
| आरेख/चित्र/ग्राफ़ | मेरा स्पष्टीकरण |

इस उपकरण को इस्तेमाल किया जा सकता है

(1) सर्वांगसमता के पूर्व ज्ञान की जाँच करने के लिए, समरूपता के प्रकरण को प्रस्तुत करने के लिए

(2) समरूपता की संकल्पनाओं को उभारने के लिए

(3) समरूप त्रिभुज में प्रमेयों के लिए आधार तैयार करने के लिए

(4) आधारभूत समानुपात प्रमेय की समझ का आकलन करने के लिए

**60.** परिपृच्छा आधारित पाठ-योजना का मुख्य पक्ष है

(1) व्याख्या

(2) खोजबीनपरक कार्य

(3) विस्तारित अधिगम कार्य

(4) अनुप्रस्थ पाठ्यचर्या एकीकरण

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

61. Malaria is caused by a

(1) Protozoan

(2) Virus

(3) Bacteria

(4) Fungi

62. Cellulose is made up of

(1) loose cells

(2) polycot

(3) terrycot

(4) glucose

63. A teacher while teaching a concept frequently takes feedback from the students. This practice may

(1) be termed as 'Formative Assessment'

(2) disturb the thought process of students and hence should not be done

(3) deviate the teacher from achieving her objective

(4) establish a conducive environment in the class

64. Which one of the following is a reason for a teacher to consciously introduce different stimuli in her lesson plan ?

(1) To see the effect of this experiment

(2) To address different learning styles of students

(3) It is recommended by her Principal

(4) To prove her excellence in the knowledge of the subject

61. मलेरिया का कारण है

(1) प्रोटोज़ोअन

(2) वाइरस

(3) बैक्टीरिया

(4) फफूँद

62. सेलूलोज़ _________ से बनता है ।

(1) लूज़ कोशिकाओं

(2) पॉलीकॉट

(3) टेरीकॉट

(4) ग्लूकोज़

63. एक शिक्षिका संकल्पना पढ़ाते समय विद्यार्थियों से अकसर प्रतिपुष्टि (feedback) लेती है ।

(1) इस क्रिया को 'रूपात्मक आकलन' कहा जा सकता है

(2) यह क्रिया विद्यार्थियों की चिंतन-प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न कर सकती है, अतः ऐसा नहीं किया जाना चाहिए

(3) यह क्रिया शिक्षक को उसके उद्देश्यों की प्राप्ति से विचलित कर सकती है

(4) यह क्रिया कक्षा में प्रेरक वातावरण का निर्माण कर सकती है

64. निम्नलिखित में से वह कौन-सा कारण है जिसकी वजह से एक शिक्षिका को अपनी पाठ-योजना में सचेत रूप से विभिन्न उद्दीपकों को स्थान देना चाहिए ?

(1) इस प्रयोग का प्रभाव देखने के लिए

(2) विद्यार्थियों की विभिन्न अधिगम शैलियों को संबोधित करने के लिए

(3) यह उसकी प्राचार्य ने अनुशंसित की है

(4) विषय में अपने ज्ञान की उत्कृष्टता को प्रमाणित करने के लिए

**65.** The distance – time graph for the motion of two vehicles A and B is given below. Which of the following statements is true ?




(1) B is moving faster

(2) Both A and B are moving at the same speed

(3) It is not possible to find out the relative speed of A and B from the graph

(4) A is moving faster

**66.** Phosphorus is kept in water to

(1) purify water

(2) make water soft

(3) prevent its contact with oxygen

(4) denature it

**67.** The calorific value of a fuel whose 1·5 kg of mass produces 67,500 kJ of heat on burning completely will be

(1) 45,000 kJ/kg

(2) 30,000 kJ/kg

(3) 1,01,250 kJ/kg

(4) 1,01,250 kg/J

**68.** While organizing an activity in the classroom for students to have hands-on experience, the role of the teacher is to

(1) ask students to carry out the activity strictly as per the instruction given

(2) supervise students and provide guidance wherever required

(3) give all the freedom to students to carry out the activity on their own

(4) instruct constantly so that students achieve their results without making any mistake

**65.** दो वाहन A और B की गति के लिए दूरी – समय ग्राफ़ नीचे दिया गया है । निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?




(1) B अपेक्षाकृत तीव्र गति से चल रहा है

(2) A और B दोनों समान गति से चल रहे हैं

(3) ग्राफ़ से A और B की सापेक्ष दूरी प्राप्त करना संभव नहीं है

(4) A अपेक्षाकृत तीव्र गति से चल रहा है

**66.** फ़ॉस्फ़ोरस को पानी में रखा जाता है

(1) जल को शुद्ध करने के लिए

(2) जल को मृदु करने के लिए

(3) ऑक्सीजन के साथ इसके संपर्क को रोकने के लिए

(4) उसकी मूल प्रकृति को बदलने के लिए (विकृतिकरण)

**67.** ईंधन का ऊष्मीय मान जिसका 1·5 किग्रा द्रव्यमान पूर्ण रूप से जलने पर 67,500 किलो जूल ऊष्मा उत्पादित करता है, वह है

(1) 45,000 किलो जूल/किग्रा

(2) 30,000 किलो जूल/किग्रा

(3) 1,01,250 किलो जूल/किग्रा

(4) 1,01,250 किग्रा/जूल

**68.** कक्षा कक्ष में विद्यार्थियों को हस्तपरक अनुभव देने के लिए गतिविधि का आयोजन करते समय एक शिक्षक की भूमिका है

(1) दिए गए निर्देशों के अनुसार कठोर रूप से गतिविधि करने के लिए विद्यार्थियों को कहना

(2) विद्यार्थियों का पर्यवेक्षण करना और जहाँ भी मदद की आवश्यकता हो, मार्गदर्शन उपलब्ध कराना

(3) विद्यार्थियों को अपने तरीके से गतिविधि करने के लिए पूर्ण स्वतंत्रता देना

(4) लगातार निर्देश देना ताकि विद्यार्थी बिना कोई गलती किए अपने परिणामों को प्राप्त कर सकें

**69.** The best way to make students learn a topic in Science is to

(1) ask them to take turns to read the topic aloud and then explain its meaning

(2) create a situation which prompts the learners to ask questions and help them to seek answers.

(3) discuss the topic in detail and write main points on blackboard

(4) discuss the application of the knowledge based on topic in day-to-day life

**70.** Biosphere reserves conserve

(1) wild life

(2) traditional tribal life

(3) forest resources

(4) All of the above

**71.** A prokaryotic cell is characterized by

(1) well-defined nucleus

(2) absence of nuclear membrane

(3) presence of nucleolus

(4) relatively young age in comparison with eukaryotic cell

**72.** Which one of the following is correctly matched ?

(1) Estrogen – Male hormone

(2) Adrenaline – Stress reliever

(3) Insulin – Provide insulation in winters

(4) Eve's pear – Girl's neck

**73.** Which one of the following is the correct increasing order of the rolling, static and sliding frictions ?

(1) Rolling, static, sliding

(2) Rolling, sliding, static

(3) Static, sliding, rolling

(4) Sliding, static, rolling

**69.** विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान के एक प्रकरण को सीखने का एक सर्वोत्तम तरीका है

(1) उन्हें बारी-बारी से प्रकरण का सस्वर पठन करने और उसके बाद उसके अर्थ को स्पष्ट करने के लिए कहना

(2) ऐसी परिस्थिति का निर्माण करना जो शिक्षार्थियों को प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करती है और उत्तर खोजने में उनकी मदद करना

(3) प्रकरण के बारे में विस्तार से चर्चा करना और श्यामपट्ट पर मुख्य बिन्दु लिखना

(4) दैनिक जीवन में प्रकरण पर आधारित ज्ञान के अनुप्रयोग की चर्चा करना

**70.** जीव-मंडल आरक्षित-क्षेत्र ________ का संरक्षण करता है ।

(1) वन्य जीवन

(2) परंपरागत आदिवासी जीवन

(3) वन-संसाधन

(4) उपर्युक्त सभी

**71.** प्रोकैरियोटिक कोशिका की विशेषता है

(1) भली-प्रकार से संरचित केंद्रक

(2) केंद्रकीय झिल्ली की अनुपस्थिति

(3) केंद्रिका की उपस्थिति

(4) यूकैरियोटिक कोशिका की तुलना में अपेक्षाकृत जवान उम्र

**72.** निम्नलिखित में से कौन-सा मेल सही है ?

(1) एस्ट्रोजन – पुरुष हॉर्मोन

(2) ऐड्रेनलीन – तनाव-मुक्तिकारक

(3) इंसुलिन – सर्दियों में पृथक्करण/रोधी उपलब्ध कराना

(4) ईव की पियर – लड़की की गर्दन

**73.** लोटनिक, स्थैतिक और सर्पी घर्षण का निम्नलिखित में से कौन-सा सही बढ़ता क्रम है ?

(1) लोटनिक, स्थैतिक, सर्पी

(2) लोटनिक, सर्पी, स्थैतिक

(3) स्थैतिक, सर्पी, लोटनिक

(4) सर्पी, स्थैतिक, लोटनिक

78. Which one of the following is a fossil fuel ?

(2) open the way for overthrowing the French forces

(3) be difficult

(4) not be required

**100.** Frontal attack means

(1) being attacked from the front

(2) attacking the enemy from the front

(3) attacking the frontline

(4) attacking the frontier

**101.** Which part of speech is the word 'frontal' ?

(1) Verb

(2) Adverb

(3) Adjective

(4) Preposition

**102.** The opposite of the word 'impregnable' would be

(1) vulnerable

(2) undefeatable

(3) strong

(4) weak

**103.** The word from the text that means 'reckless and daring' is
(1) frontal
(2) successful
(3) audacious
(4) contented

**104.** Wolfe decided to attack from the rear because
(1) Montcalm was not there
(2) the front was impregnable
(3) it was easy
(4) the cliffs were easy to climb

**105.** Spirit of patriotism was exhibited by
(1) William Pit
(2) Major General Wolfe
(3) French commander Montcalm
(4) Both Major General Wolfe and French commander Montcalm

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**106.** Which of these is of primary importance for creative writing ?
(1) Correct spellings of words
(2) Legible handwriting
(3) Presentation of ideas in an original way
(4) Command over grammar and punctuation

**107.** Conventions of writing include
(1) story ideas
(2) proper punctuation
(3) imagination
(4) good vocabulary

**108.** A teacher should help the learners acquire rich imagination and ability to think out of the box to develop the learners' skill of
(1) telling stories
(2) generating new ideas
(3) speaking well
(4) critical thinking

**109.** While asking the learners to read the text silently the teacher should
(1) set a time limit
(2) correct their written task
(3) ask them to consult a dictionary for understanding difficult words
(4) ask the learners to write the summary

**110.** Lexical cohesion devices are
(1) words/phrases used for connecting ideas
(2) vocabulary
(3) structures
(4) punctuation

**111.** According to NCF-2005 a teacher should
(1) help in enriching the learner's imagination
(2) develop a learner's self-worth
(3) expose the learner to at least two languages
(4) concentrate on making learners learn the text thoroughly

**112.** When a teacher uses 'Realia' to teach vocabulary and grammar she
(1) is using role play as a learning device
(2) is using real objects, actions and actual life situations
(3) is using computer technology
(4) is teaching through true stories

**113.** A multi-dimensional curriculum is one which

(1) caters to teaching of many subjects

(2) ensures an all-round development of the learner

(3) spreads in various dimensions

(4) covers comprehensive content areas

**114.** To create and sustain interest in learning

(1) learners should not be labelled as slow, average or high achievers

(2) learners should be told stories

(3) involve the students in activities

(4) make them teach each other

**115.** Which of the following descriptors can be used for assessing the learners' writing skill ?

(1) Their reading ability

(2) Their pronunciation and spelling

(3) Organization of ideas

(4) Handwriting

**116.** When a teacher asks the learners to judge the actions of a character in a story they have just read she expects them to

(1) understand facts as stated in the text

(2) evaluate

(3) read in between the lines

(4) go beyond the text

**117.** As a facilitator of learning the teacher should

(1) aim at finishing the syllabus in time

(2) load the learners with extra information about the theme of the text

(3) explain each lesson in detail

(4) provide enough opportunities to expose the learners to hear and use the language

**118.** During dramatization when a teacher uses 'empathy' as one of the descriptors for assessing the learners, she is assessing their ability to

(1) sympathize with the character

(2) get into the skin of the character

(3) appreciate the character

(4) critically analyse the character

**119.** A good summative assessment should have which of the following qualities ?

(1) Be reliable and without bias

(2) Test mainly structures

(3) Have very few grammar questions

(4) Test the full year's syllabus

**120.** Poetry recitation helps learners to

(1) learn proper intonation and stress

(2) understand same sound words

(3) learn rhythm

(4) learn rhymes

# भाग IV
## भाषा I
## हिन्दी

***निर्देश :*** *गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 91 से 99) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

इस तरह की मुफ़्त प्रेस ग़रीब और कम आमदनी वाले तबक़ों के लिए बहुत उपयोगी हो सकती है । ये समुदाय विशाल मुद्रित माध्यम से कमोबेश बाहर ही हैं, और ये इतने बड़े व सम्पन्न भी नहीं हैं कि स्वयं अपनी व्यावसायिक प्रेस चला सकें । लिहाज़ा उनके पास कोई आवाज़ नहीं है जिससे वे एक-दूसरे से या बाहरी दुनिया से बात कर सकें । इसके चलते वे अलग-थलग, विखण्डित और राजनैतिक रूप से कमज़ोर हो जाते हैं और बने रहते हैं । इसके अलावा इन समुदायों के लोग कई बार यह शिकायत करते हैं, और सही ही करते हैं, कि स्कूल में उनके बच्चों को ऐसे पाठ पढ़ना पड़ते हैं जिनमें मध्यमवर्गीय, एंग्लो-सैक्सन, उपनगरीय जीवन और संस्कृति की बातें होती हैं जिससे उनके बच्चे बिल्कुल नावाक़िफ़ होते हैं । यदि इस तरह की मुफ़्त प्रेस उपलब्ध हो तो ये लोग अपने बच्चों के साथ इन स्कूलों के लिए ऐसे कई पाठ लिख सकते हैं जो उनके बच्चों को रोचक, सार्थक और उपयोगी लगेंगे । या शायद वे स्कूल से बाहर इस्तेमाल के लिए ऐसी किताबें बना सकते हैं । हो सकता है कि शुरू-शुरू में ये पाठ बहुत अच्छे नहीं होंगे । यदि ऐसा हुआ तो लोग इनका उपयोग करना बन्द कर देंगे और इनके लेखकों को बता देंगे कि इनमें क्या गड़बड़ थी और इन्हें ज़्यादा उपयोगी बनाने के लिए क्या परिवर्तन करने होंगे । एक बार यह विचार लोगों की पकड़ में आ जाए कि कोई भी व्यक्ति अन्य लोगों के पढ़ने के लिए अपने विचार लिख सकता है, तो इससे आधुनिक समाज में भारी बदलाव आ सकते हैं ।

**91.** आधुनिक समाज में बदलाव आ सकता है जब

(1) लोग ख़ूब पढ़ाई करेंगे
(2) रोज़ समाचार-पत्र पढ़ेंगे
(3) लोग एक-दूसरे के विचारों से अवगत होने के लिए लिखेंगे-पढ़ेंगे
(4) अपने विचारों को पाठ्य-पुस्तकों की संस्कृति से अलग रखेंगे

**92.** समुदाय के लोगों की शिकायत है कि

(1) बच्चे पढ़ते नहीं हैं
(2) बच्चों को पढ़ाया नहीं जाता
(3) बच्चे उपनगरीय बातें ही पढ़ते हैं
(4) बच्चे स्कूल में जो पाठ पढ़ते हैं वे उनके परिवेश से जुड़े नहीं होते

**93.** गद्यांश में किन बच्चों की बात की गई है ?

(1) मध्यमवर्गीय के
(2) एंग्लो-सैक्सन के
(3) निर्धन और हाशिए वाले समुदाय के
(4) उपनगरीय बच्चे

**94.** गद्यांश में किस प्रेस की बात की गई है ?

(1) प्रिंटिंग प्रेस
(2) इस्त्री करने वाली प्रेस
(3) कांफ्रेंस वाली प्रेस
(4) कम लागत वाली प्रेस

**95.** बच्चों की किताबों के पाठ कैसे होने चाहिए ?

(1) जो सरल हों
(2) सार्थक, रोचक और उपयोगी हों
(3) नई जानकारी वाले हों
(4) उपनगरीय संस्कृति पर आधारित हों

**96.** शिक्षा का __________ से जुड़ाव ज़रूरी है ।

(1) पाठ्य-पुस्तक से
(2) निर्धन समुदाय से
(3) मुफ़्त प्रेस उपलब्ध करवाने से
(4) दैनिक जीवन से

97. 'उपयोगी' का विलोम है

(1) निरर्थक

(2) ग़लत

(3) अनुपयोगी

(4) नुकसानदेह

98. 'नावाक़िफ़' का समानार्थी है

(1) जानकार

(2) अपरिचित

(3) काफ़ी

(4) अपर्याप्त

99. किस शब्द में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग नहीं है ?

(1) व्यावसायिक

(2) राजनैतिक

(3) सार्थक

(4) सांस्कृतिक

***निर्देश :*** *कविता की पंक्तियाँ पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 100 से 105) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

है जिसे कुछ भी समझ वह और की,
राह में काँटा कभी बोता नहीं ।
कर किसी से बेसबब ज़ुपराचढ़ी,
आँख पर चढ़ना भला होता नहीं ।।
हैं भले वे ही भलाई के लिए,
रात-दिन जिनकी कमर होवे कसी ।
प्यार का जी में पड़ा डेरा रहे,
आँख में सूरत रहे हित की बसी ।।

*(अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध')*

100. किस तरह के व्यक्ति दूसरों के काम में बाधा नहीं डालते ?

(1) बेसबब वाले

(2) समझदार

(3) औरों को जानने वाले

(4) औरों को रास्ता दिखाने वाले

101. किन लोगों की भलाई करनी चाहिए ?

(1) जो ग़रीब, विवश, लाचार हों

(2) जो मेहनत करते हैं, दूसरों का भला चाहते हैं

(3) जो रात-दिन सोते हैं

(4) जो राह में कभी काँटा नहीं बोते

102. 'प्यार का जी में पड़ा डेरा रहे' का भाव है

(1) जिनके हृदय में प्रेमभाव है

(2) जिनके जी में डोरी पड़ी रहती है

(3) जो डेरा डाले रहते हैं

(4) जो दूसरों को डेरा डालने की जगह देते हैं

103. 'आँख पर चढ़ना' का भाव है

(1) आँख दिखाना

(2) आँख मूँदना

(3) क्रोध का पात्र बनना

(4) क्रोध करना

104. 'हित' का विलोम है

(1) अनुचित

(2) अहित

(3) अनहित

(4) अनुहित

105. 'बेसबब' का अर्थ है

(1) विवश

(2) कारण सहित

(3) अकारण

(4) निराकरण

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**106.** भाषा की पाठ्य-पुस्तक के लिए पाठों का चुनाव करते समय क्या सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ?

(1) पाठों की संख्या

(2) प्रसिद्ध लेखकों की रचनाएँ

(3) ऐसे पाठ जो बच्चों के संवेदना-लोक के साथी बन सकें

(4) ऐसे पाठ जो आलंकारिक भाषा से युक्त हों

**107.** शिक्षार्थियों में पढ़ने की संस्कृति का विकास करने के लिए ज़रूरी है

(1) अधिक-से-अधिक पाठों वाली पाठ्य-पुस्तक

(2) पाठ्य-पुस्तक के अतिरिक्त पठन सामग्री उपलब्ध कराना

(3) अपरिचित और भिन्न परिवेश से जुड़ी रचनाएँ मुहैया कराना

(4) पठन-कौशल के मूल्यांकन का प्रतिशत बढ़ाना

**108.** उच्च प्राथमिक स्तर पर कौन-सा भाषा-शिक्षण का उद्देश्य नहीं है ?

(1) निजी अनुभवों के आधार पर भाषा का सृजनशील प्रयोग

(2) भाषा की बारीकी और सौंदर्यबोध को समझने की क्षमता का विकास

(3) विभिन्न साहित्यिक विधाओं से परिचय

(4) मुहावरेदार भाषा का अनिवार्यतः प्रयोग करने पर बल

**09.** पाठ्यचर्या-सहगामी क्रियाएँ जैसे गीत, संवाद, अंत्याक्षरी, भाषण, वाद-विवाद आदि __________ में सहायक हैं ।

(1) भाषा और साहित्य को समझने में

(2) अधिक अंक-प्राप्ति करने में

(3) समय और श्रम की बचत करने में

(4) शिक्षक के कार्य-भार को कम करने में

**110.** कक्षा आठ में समूह-परिचर्चा का सर्वाधिक उचित शीर्षक हो सकता है

(1) गणतंत्र दिवस

(2) अनुशासन का महत्त्व

(3) भाषा का महत्त्व

(4) इंटरनेट की दुनिया में हिंदी

**111.** उच्च प्राथमिक स्तर पर लेखन-कौशल के विकास का कौन-सा उद्देश्य सबसे कम महत्त्वपूर्ण है ?

(1) सुनी, समझी, पढ़ी हुई बातों को सहज और स्वाभाविक लेखन द्वारा अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास करना

(2) संदर्भानुसार मुहावरे, लोकोक्तियों का प्रयोग करते हुए लिखित अभिव्यक्ति को प्रभावी बनाना

(3) प्रसिद्ध लेखकों की लेखन-शैली की समीक्षा करना

(4) सृजनात्मक लेखन द्वारा निज शैली का विकास करना

**112.** भाषा की नियमबद्ध प्रकृति को पहचानने और उसका विश्लेषण करने में कौन-सा बिंदु कम सहायक है ?

(1) विविधतापूर्ण भाषिक तत्त्वों वाले साहित्य को पढ़ने का अवसर देना

(2) विभिन्न विषयों से जुड़े पाठों को पढ़ने, चर्चा करने का अवसर देना

(3) व्याकरण के नियमों का विश्लेषण करना

(4) भाषा-प्रयोग की बारीकियों पर ध्यान देना

**113.** 'डायरी-लेखन' का मुख्य उद्देश्य है

(1) वर्तनी का ज्ञान

(2) शब्द-भंडार में वृद्धि

(3) वाक्य-संरचना का ज्ञान

(4) अपने भावों, विचारों की ईमानदारी और आत्मविश्वास से पूर्ण भाषिक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना

**114.** बच्चे अपने आस-पास बोली जाने वाली भाषा/भाषाओं को सुनकर स्वयं

(1) अपना लघु व्याकरण बनाते हैं

(2) भाषा के नियम नहीं बना सकते

(3) अपनी भाषा में संशोधन नहीं कर सकते

(4) भाषा का सृजनशील प्रयोग नहीं कर सकते

**115.** भाषा एक ________ विषय है ।

(1) सैद्धांतिक

(2) व्यावहारिक

(3) नीरस

(4) चुनौतीपूर्ण

**116.** भाषा-शिक्षण की अनुवाद-विधि

(1) मातृभाषा को मध्यस्थ नहीं बनाती

(2) मातृभाषा की उपेक्षा करती है

(3) मातृभाषा को मध्यस्थ बनाती है

(4) लक्ष्य भाषा को ही श्रेष्ठ सिद्ध करती है

**117.** भाषा-शिक्षण की विधियाँ मुख्यतः ________ पर निर्भर करनी चाहिए ।

(1) परीक्षा-पद्धति

(2) बच्चों का स्तर, आयु और प्रकरण

(3) समय-अवधि

(4) लक्ष्य भाषा

**118.** एक से अधिक भाषाओं का प्रयोग

(1) भाषा सीखने में बाधक है

(2) संज्ञानात्मक रूप से समृद्ध होने का संकेत है

(3) अन्य भाषा/भाषाएँ सीखने की प्रक्रिया को धीमा बनाता है

(4) बच्चों को किसी भी भाषा में निपुणता प्राप्त नहीं करने देता

**119.** बच्चों की भाषिक अभिव्यक्ति के आकलन के लिए किस तरह के प्रश्न सहायक नहीं हैं ?

(1) बहुविकल्पी

(2) लघूत्तरात्मक

(3) निबंधात्मक

(4) सारांश प्रस्तुत करना

**120.** विभिन्न कार्यक्षेत्रों से जुड़ी प्रयुक्तियों से परिचय कराने के अवसर जुटाने चाहिए क्योंकि

(1) इससे अधिक अंक मिलते हैं

(2) यह सामाजिक परिस्थितियों को साधने में मदद करता है

(3) ऐसा पाठ्यचर्या में लिखा है

(4) ऐसा भाषाविद् कहते हैं

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – II.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART V
# LANGUAGE II
# ENGLISH

***Directions** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 121 to 127) by selecting the **most appropriate** option.*

Africa was once filled with an abundance of wild animals. But that is changing fast. One of these animals, the black rhinoceros, lives on the plains of Africa. It has very poor eyesight and a very bad temper ! Even though the black rhino is powerful, and can be dangerous, its strength can't always help it to escape hunters. Some people think that the rhino's horn has magical powers, and many hunters kill rhinos for their valuable horns. This has caused the black rhino to be placed on the endangered species list.

The elephant seems to represent all that is strong and wild in Africa. It once had no natural enemies, but is now endangered — killed for its ivory tusks. Wherever people are careless about the land, there are endangered species.

Grizzly bears like to wander great distances. Each bear needs upto 1,500 square miles of territory to call its homeland. Today, because forests have been cleared to make room for people, the grizzly's habitat is shrinking and the grizzly is disappearing. It joins other endangered North American animals, such as the red wolf and the American crocodile.

In South America, destruction of the rain forests threatens many animals. Unusual mammals, such as the howler monkey and the three-toed sloth, are endangered. Beautiful birds like the great green macaw and the golden parakeet are also becoming extinct. They're losing their homes in the rain forest, and thousands die when they are caught and shipped off to be sold as exotic pets.

The giant panda of Asia is a fascinating and unique animal. Yet there are only about 1,000 still living in the wild. The giant panda's diet consists mainly of the bamboo plant, so when the bamboo forests die, so does the panda. China is now making an effort to protect these special creatures from becoming extinct. Unfortunately, it is people who cause many of the problems that animals face. We alter and pollute their habitats. We hunt them for skins, tusks, furs, and horns. We destroy animals that get in the way of farming or building. And we remove them from their natural habitats and take them home as pets.

(extract from **Gone Forever** by Barbara Reeves, *internet*)

**121.** To introduce this passage, which of these activities would be suitable as a starter for the above passage ?

(1) Showing a small audio-visual clip on rhinos, elephants, and if possible, pandas

(2) Showing of an audio-visual clip followed by a discussion

(3) Showing pictures of the animals they are going to read about

(4) Telling the students about the animals they are going to read about

**122.** The first paragraph has words like abundance, magical, dangerous, valuable, therefore a teacher could aim to teach

(1) adjectives

(2) nouns

(3) conversion of nouns into adjectives

(4) spellings

**123.** Which of these can be used as an example of a complex sentence ?

(1) Africa was once filled within abundance of wild animals.

(2) Some people think that a rhino's horns have magical powers.

(3) Beautiful birds like the great green macaw and the golden parakeet are also becoming extinct.

(4) And we remove them from their natural habitats and take them home as pets.

**124.** From the questions given here identify a global comprehension question based on the above passage.

(1) How does the rhino escape from hunters, in spite of the fact that it has a very poor eyesight ?

(2) Why is the grizzly's habitat shrinking ?

(3) Why have certain species of animals become endangered ?

(4) Which country is working towards protecting pandas ?

**25.** Which of these questions is ***not*** a valid question ?

(1) Write a short note on the wild life of Africa and Asia.

(2) For what are the rhinos hunted ?

(3) In South America the wild animals are threatened by ________ .

(4) What has been the biggest cause for certain animals becoming endangered ?

**6.** A suitable title for the passage is

(1) Endangered Species of The World

(2) The Price of Progress

(3) Man Vs. Animals

(4) Wild Life's Biggest Enemy – Man

**127.** Which of these activities would be meaningfully extrapolative ?

(1) Yuan, the Panda meets Furry, a grizzly bear from North America. They start discussing about the problems faced by their families and friends. What do you think they tell each other ? Write a dialogue between the two animals.

(2) Do a Project on the endangered species of India.

(3) Write a letter to your friend telling him/her about how we humans are responsible for the dying out of wild animals.

(4) Write a poster on the theme 'Save our wildlife'.

***Directions** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 128 – 135) by selecting the **most appropriate** option.*

Once upon a time, there lived a sparrow in a tree. He was very happy to have a beautiful and comfortable nest of his own in the tree. The sparrow used to fly to far off places to pick at grains from so many fields, full of crops. At the sunset he would return to his perch.

One day, the sparrow ate his fill, but could not return to his nest, because of the heavy rains which continued for the whole night. The sparrow had to spend the whole night in a big banyan tree, a little distance away from home.

The next morning, when the rain stopped and the sky became clear, the sparrow returned to his tree. He was astonished to find a rabbit occupying his beautiful and comfortable nest.

The sparrow lost his temper and spoke to the rabbit, "It's my home you're sitting in. Please quit this place at once."

"Don't talk like fools," replied the rabbit. "Trees, rivers and lakes don't belong to anyone. Places like these are yours only so long as you are living in. If someone else occupies it in your absence, it belongs to the new occupant. So go away and don't disturb me any more."

But the sparrow was not satisfied with this illogical reply. He said, "Let's ask a person of wisdom and only then our case will be settled."

At a distance from the tree, there lived a wild cat. The cat, somehow, overheard the discussion that took place between the sparrow and the rabbit.

The cat immediately thought of a plan, took a holy dip in the river, and then sat like a priest and began chanting God's name in a loud tone. When the rabbit and the sparrow heard the cat chanting God's name, they approached him with a hope to get impartial justice and requested him to pass a judgement in the matter.

The cat became very happy to have both of them in front of him. He pretended to listen to their arguments. But as soon as the right opportunity came, the cat pounced upon both of them and killed and ate them together with great relish.

*(from Panchtantra)*

**128.** Presuming that this passage is given in one of the middle school texts, what would be the best way to introduce it to the learners ?

(1) Tell them that stories are of different kinds and this one belongs to a genre called 'fables'

(2) Ask the students about their observation of cats

(3) Ask the students to tell any story they have heard or read about cats

(4) Ask the students to narrate a story about cats and then tell them about 'fables'

**129.** The above story can be used for teaching

(1) grammar

(2) about the sparrows, rabbits and cats

(3) how the animals live in the forest

(4) life skills and values

**130.** The best way to teach this story would be to

(1) make the students read it aloud

(2) ask the students to read it silently while you write some questions on the board

(3) have the students dramatize it

(4) have the teacher read it and explain it

**131.** To make the learners use their skill to evaluate, they should be asked to

(1) make a presentation on what they have read

(2) analyse the actions of the sparrow and the rabbit

(3) have a group discussion to analyse the character of the cat

(4) have a group discussion on 'Quarrels do not solve problems, they only aggravate them'

**132.** The story can be divided into

(1) two parts — 1 – the fight; 2 – the judgement

(2) three parts — 1 – the beginning of the problem; 2 – confrontation; 3 – end of the problem

(3) four parts — 1 – the sparrow hunting for food; 2 – the rain; 3 – the rabbit; 4 – the cat

(4) no parts at all

**133.** This story

(1) uses animals to tell us about how human beings behave

(2) is about sparrows and rabbits

(3) tells us about life in the forest

(4) tells us that cats are not friendly

**134.** The sparrow thinks the rabbit's reply to be illogical because

(1) she made the nest therefore it was hers

(2) the rabbit was foolish

(3) the rabbit had no right to enter her nest

(4) basically all rabbits are illogical

**135.** This story should

(1) be read at home and discussed in class

(2) be used for motivating the students to read more tales from Panchtantra

(3) enable the teacher to relax while the learners enjoy reading it

(4) not be taught

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**136.** Which of these would be a valid 'Learning Objective' for teaching a drama ?

(1) The learners will be able to speak fluently with correct stress and intonation

(2) The learners will be able to act effectively

(3) The learners will be able to understand what is drama

(4) The learners will have an opportunity to dress up in different costumes

**37.** To identify and measure the learners' potential for his/her specific abilities and skills such as music, science, medicine, etc. the schools

(1) conduct proficiency test

(2) conduct aptitude tests

(3) keep record of various activities the learner was involved in

(4) seek opinion of various teachers teaching the learner

**138.** One of the main objectives of Continuous and Comprehensive Evaluation is

(1) to conduct more and more tests in one academic year

(2) to test every aspect of the learners' development

(3) de-emphasize memorization

(4) to make sure the learners do not forget what they have learnt

**139.** Language evaluation must aim at

(1) assessing the achievement of the learner in terms of grades

(2) assessing the learner's language proficiency

(3) assessing the learner's knowledge of the rules of language

(4) assessing the learner's ability to learn a new language

**140.** When language concepts are taught using real life situations they are

(1) easily understood and used

(2) not learnt well

(3) being taught naturally and so enable the learners to use them easily

(4) being taught in the same way as the learner's mother tongue

**141.** For story-mapping of a narrative text the learners can be asked to

(1) answer a question which has the story in jumbled order

(2) make a flow-chart depicting the sequence of the story

(3) draw pictures of every sequence

(4) draw a map of the locations mentioned in the story

**142.** The curriculum and the teacher's execution of it should help

(1) the learners to become thorough with the curriculum

(2) enhance the learner's self esteem

(3) the learners to get good grades

(4) the learners to become good communicators

**143.** The skill of introducing the lesson

(1) depends on the ability of the teacher

(2) can be used only if the students are receptive

(3) makes the teaching – learning environment congenial, creating curiosity and motivating the students

(4) makes the lesson interesting

**144.** According to NCF-2005 'across the curriculum approach' for teaching English means

(1) using English as a medium of instruction for all subjects

(2) breaking down barriers between English and other subjects

(3) having a separate curriculum for English which goes beyond the other subjects

(4) treating English as one of the subjects in the curriculum

**145.** Language evaluation should

(1) measure the learner's 'language proficiency'

(2) not be tied to achievement in a particular syllabi

(3) use only written tests

(4) be to identify the learner's proficiency to translate from his mother tongue into English

**146.** Acquisition of vocabulary is

(1) cramming more words

(2) learning big words

(3) learning words in totality and yielding the power to use them effectively

(4) learning word families

**147.** For enabling her students to gain mastery over English the teacher should

(1) regularly expose the learners to a variety of language inputs

(2) constantly check the learners for all the errors they make

(3) emphasize learning of grammar

(4) stop use of their vernacular

**148.** 'Curriculum should enable the learners to think critically.' This involves

(1) ability to learn information

(2) ability to find fault

(3) ability to carefully analyse and evaluate information

(4) ability to think freely

**149.** Select the skill that is a component of speaking skills

(1) Skill of speaking formally

(2) Reading fluently

(3) Production of correct English vowel and consonant sounds

(4) Ability to listen carefully

**150.** Which of the following is ***not*** taught as part of vocabulary ?

(1) Homonyms

(2) Proverbs

(3) Prefixes

(4) Collocations

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE – II.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

# भाग V
## भाषा II
## हिन्दी

***निर्देश :** गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 128) में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

छात्र की सहायता करना अत्यावश्यक है कि उसका मन वैज्ञानिक, स्पष्ट, निश्चित और सूक्ष्मता से सोचने वाला तथा उसके साथ-ही-साथ मन की गहराइयों को अनावृत करने वाला हो । क्या छात्र को इस प्रकार शिक्षित करना संभव है कि वह सभी लेबिलों के परे जो कर सके तथा उस वस्तु का पता लगा सके, उसका अनुभव कर सके, जिसको मन नहीं माप सकता, जो किसी पुस्तक में नहीं लिखा है । यदि इस प्रकार के एक विद्यालय में ऐसी शिक्षा संभव हो सके तो वह अनूठी होगी । आप सभी को यह देखना चाहिए कि इस प्रकार के विद्यालय का निर्माण कितना मूल्यवान् होगा । केवल नृत्य, संगीत, गणित और दूसरे पाठों पर ध्यान देना ही समस्त जीवन नहीं है । शांत बैठना तथा अपने को देखना, सूक्ष्म दृष्टि प्राप्त करना, अवलोकन करना भी जीवन का अंग है । विचार कैसे किया जाए, किस पर विचार किया जाए तथा आप विचार क्यों कर रहे हैं, इसको देखना भी आवश्यक है ।

**121.** लेखक ने अनूठी शिक्षा में ________ बल दिया है ।

(1) पुस्तक पढ़ने पर

(2) विद्यार्थियों द्वारा निजी अनुभवों को प्राप्त करने पर

(3) मन को मापने पर

(4) लेबल पढ़ने पर

**122.** लेखक की दृष्टि में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण क्या है ?

(1) नृत्य, संगीत की शिक्षा

(2) गणित पढ़ना

(3) विचार-प्रक्रिया पर

(4) अन्य विषयों को पढ़ना

**123.** लेखक ऐसी शिक्षा की बात करता है जिसमें विद्यार्थी

(1) शांत भाव से बैठे रहें

(2) अवलोकन ही करते रहें

(3) सभी प्रकार के पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर चीज़ों को खोजें

(4) जो पुस्तक में नहीं लिखा है केवल उसे ही खोजें

**124.** जीवन का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अंग है

(1) केवल पाठ्य-पुस्तकें

(2) स्वयं को जानना

(3) केवल नृत्य

(4) केवल संगीत

**125.** पूरे गद्यांश में मुख्य रूप से यह स्पष्ट करने की कोशिश की गई है कि

(1) जीवन क्या है

(2) शिक्षा कैसी होनी चाहिए

(3) केवल विचार तत्त्व ही प्रमुख है

(4) विद्यार्थियों को कैसे अनुशासित रखें

**126.** 'विद्यालय' का संधि-विच्छेद है

(1) विद्या + आलय

(2) विद्या + लय

(3) विद्या + अलय

(4) विद्य + आलय

**127.** 'सूक्ष्म' का विलोम है

(1) बारीक

(2) नज़दीक

(3) स्थूल

(4) मोटा

**128.** कौन-सा शब्द 'पुस्तक' का पर्याय है ?

(1) पत्रिका

(2) समाचार-पत्र

(3) पत्र

(4) पोथी

*निर्देश : गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 129 से 135) में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

बच्चे की किशोर-अवस्था शिक्षा-शास्त्रियों और कला-शिक्षकों के लिए अपने-आप में एक अलग ही विषय है । यह उम्र एक समस्या की उम्र कही गई है । कुछ विशेषज्ञ तो इसे 'संकट का समय' मानते हैं । जो भी हो, यह स्पष्ट है कि बच्चे के लिए यह अवस्था एक नया अनुभव होता है । दुनिया बदल जाती है । हो सकता है कि इस मानसिक परिवर्तन का कारण उसका अपना शारीरिक विकास भी हो । आज तक शरीर, जो एक तरीक़े से बढ़ रहा था, उसमें तबदीली होने लगती है । उसके लिए यह एक ऐसा अनुभव होता है, जो उसका मन अधिक-से-अधिक समय तक घेरे रहता है । समाज की परंपरा की वजह से वह इस समस्या को संकोच के कारण प्रकाशित नहीं करता । उसे इसका खुलासा नहीं मिलता । मन की अवस्था भी बदल जाती है । मन दूसरी बातों से हटकर इधर-उधर भटकने लगता है । एकाग्रता नहीं रहती । शारीरिक विकास तो एक ढंग से हो जाता है, उसकी शारीरिक प्रवृत्तियाँ भी सयानों की-सी होने लगती हैं । लेकिन मानस इतना विकसित अभी तक नहीं हो पाता, जिससे वह अपने-आपको ठीक-ठीक समझ सके ।

**29.** किशोरावस्था को 'संकट का समय' माना जाता है क्योंकि

(1) इस अवस्था से व्यक्ति के जीवन में संकट आने लगते हैं

(2) किशोरों को अनेक तरह के संकट घेर लेते हैं

(3) किशोर स्वयं अपने को समझ लेते हैं

(4) किशोरों का मन इधर-उधर भटकने लगता है

**130.** 'दुनिया बदल जाती है ।' के माध्यम से किस ओर संकेत किया गया है ?

(1) स्थान-परिवर्तन

(2) मानसिक परिवर्तन

(3) ऋतु-परिवर्तन

(4) परंपराएँ

**131.** किशोर अपनी किन समस्याओं को संकोचवश अभिव्यक्त नहीं कर पाता ?

(1) एकाग्रता-संबंधी

(2) मन-संबंधी

(3) शारीरिक परिवर्तन-संबंधी

(4) परंपरा-संबंधी

**132.** किशोरों की सबसे बड़ी चिंता का विषय है

(1) अपने भीतर होने वाले परिवर्तनों को समझना

(2) दुनिया को बदलना

(3) समाज को बदलना

(4) मन को बदलना

**133.** 'इधर-उधर' शब्द युग्म है

(1) निरर्थक

(2) सार्थक

(3) पुनरुक्त

(4) सार्थक-निरर्थक

**134.** 'तब्दीली' का अर्थ है

(1) तबादला

(2) समझ

(3) परिवर्तन

(4) वृद्धि

**135.** 'मन की अवस्था भी बदल जाती है' वाक्य में 'भी' शब्द है

(1) क्रिया-विशेषण

(2) क्रिया

(3) विशेषण

(4) निपात

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

**136.** लेखन-कौशल में कौन-सा पक्ष सबसे कम महत्त्वपूर्ण है ?

(1) प्रिंट-समृद्ध वातावरण

(2) अपने अनुभवों की लिखित अभिव्यक्ति

(3) लिखित कार्य पर शिक्षक की प्रतिक्रिया

(4) सुंदर लेखन का यांत्रिक अभ्यास

**137.** 'सुनना'-कौशल के बारे में कौन-सा कथन उचित नहीं है ?

(1) सुनना-कौशल अन्य कौशलों के विकास में सहायक है

(2) सुनना-कौशल का विकास भाषा के नियमों को पहचानने, उनका निर्माण करने में सहायक है

(3) सुनना-कौशल सबसे कम महत्त्वपूर्ण है

(4) सुनना-कौशल मौखिक कौशल के अंतर्गत आता है

**138.** अर्थ की गहनता को समझने में कौन-सी पद्धति सर्वाधिक रूप से सहायक है ?

(1) सस्वर पठन

(2) मौन पठन

(3) द्रुत पठन

(4) धीमा पठन

**139.** शब्दों के अर्थ स्पष्ट करने की अपेक्षाकृत ज़्यादा बेहतर पद्धति है

(1) शिक्षक द्वारा स्वयं अर्थ स्पष्ट करना

(2) वाक्य-प्रयोग द्वारा बच्चों को अर्थ का अनुमान लगाने का अवसर देना

(3) शब्दकोश देखना

(4) शब्दों की व्याख्या करना

**140.** कहानी-कथन के उद्देश्यों में कौन-सा पक्ष शामिल नहीं है ?

(1) शब्द-भण्डार का विकास

(2) कल्पनाशीलता का विकास

(3) सृजनात्मकता का विकास

(4) भाषा के लिखित रूप से परिचय

**141.** सुहेल को पढ़ने में कठिनाई होती है लेकिन उसका अवबोधन पक्ष बेहतर है । सुहेल की समस्या है

(1) डिस्ग्राफिया

(2) डिस्लेक्सिया

(3) डिस्केलकुलिया

(4) डिप्रेशन

**142.** परस्पर बातचीत मुख्यतः

(1) समय की बर्बादी है

(2) अनुशासनहीनता को उत्पन्न करती है

(3) सुनने और बोलने के कौशलों के विकास में सहायक है

(4) पढ़ने-लिखने में सहायक है

**143.** मंजूषा आठवीं कक्षा को हिंदी पढ़ाती है । इस स्तर पर उसे किसके लिए प्रयास करना चाहिए ?

(1) सस्वर पठन

(2) साहित्यिक विधाओं का परिचय

(3) अलंकार समझाना

(4) छंद समझाना

**144.** कविता-शिक्षण में कौन-सा तत्त्व उसे गद्य से अलग करता है ?

(1) भाषा-सौष्ठव की महत्ता

(2) शब्द-भंडार में वृद्धि

(3) भाषा-प्रयोग की छटाएँ

(4) गेयता

**145.** बहुसांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाली कक्षा में भाषा-शिक्षक को क्या करना चाहिए ?

(1) मौखिक कौशलों पर बल देना चाहिए

(2) अभिव्यक्तात्मक कौशल पर ही बल देना चाहिए

(3) परस्पर बातचीत करने के अधिकाधिक अवसर देना चाहिए

(4) बच्चों को मानक भाषा-प्रयोग के लिए ही कहना चाहिए

**146.** भाषा सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में ________ का आधार मुख्यतः है ।

(1) पाठ्य-पुस्तक

(2) समाज-सांस्कृतिक परिवेश

(3) शिक्षक द्वारा अर्थ बताना

(4) शब्दकोश देखना

**47.** पाठ्य-पुस्तक भाषा-शिक्षण में मुख्यतः क्या सहायता करती है ?

(1) व्याकरणिक नियम कंठस्थ कराती है

(2) भाषा की विभिन्न छटाएँ प्रस्तुत करती है

(3) बच्चों का आकलन करती है

(4) बच्चों को विभिन्न पर्वों की जानकारी देती है

**148.** भाषा-आकलन में कौन-सा तत्त्व सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ?

(1) विविध अर्थ वाले प्रश्न पूछना

(2) श्रुतलेख

(3) सुलेख

(4) भाषिक संरचनाओं पर आधारित प्रश्न

**149.** एकांकी पाठ मुख्यतः किसमें सहायता करते हैं ?

(1) लेखन-कौशल का विकास

(2) संदर्भ के अनुसार उचित उतार-चढ़ाव के साथ बोलना

(3) वाक्य-संरचना की जानकारी

(4) अभिनय की कुशलता

**150.** बच्चों को बाल-साहित्य उपलब्ध कराने के क्या लाभ हैं ?

(1) श्रवण-कौशल का विकास

(2) लेखकों से परिचय

(3) बच्चों को विविधतापूर्ण भाषिक सामग्री पढ़ने के अवसर देना

(4) पात्रों का चरित्र-चित्रण करने की कुशलता का विकास

# SPACE FOR ROUGH WORK

## रफ कार्य के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## रफ कार्य के लिए जगह

**READ CAREFULLY THE FOLLOWING INSTRUCTIONS :**

1. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Blue/Black Ball Point Pen on Side-2 of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
2. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
3. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
4. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
5. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
6. Each candidate must show on demand his / her Admission Card to the Invigilator.
7. No candidate, without special permission of the Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
8. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet a second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case.
9. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
10. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
11. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
12. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room / Hall.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :**

1. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के पृष्ठ-2 पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
2. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
3. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
4. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
5. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश कार्ड के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, काग़ज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
6. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-कार्ड दिखाएँ ।
7. अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
8. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा ।
9. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
10. परीक्षा-हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
11. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
12. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष / हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष-निरीक्षक को अवश्य सौंप दें ।** ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***

SEAL